Dispatch No. KVK/PPT/26/1222-30 Dt. 23-11-2026
Krishi Vigyan Kendra, Panipat-132104

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय - कृषि विज्ञान केंद्र, उझा (पानीपत)

कृषि विज्ञान केंद्र, उझा द्वारा पानीपत ज़िले के बेरोजगार अनुसूचित जाति/जनजाति के युवाओं से विभिन्न प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रण

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र, उझा (पानीपत) द्वारा तीन दिवसीय "फल एवं सब्जी परिरक्षण, नर्सरी रेजिंग, कटाई एवं सिलाई, प्राकृतिक खेती/नेचुरल फ़ार्मिंग, श्रीअन्न के बेकिंग से मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करना" पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे जिसमें ज़िले के अनुसूचित जाति/जनजाति के बेरोजगार युवक/युवतियों से इस प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु 15 दिसंबर 2026 शाम 4.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित हैं। इच्छुक उम्मीदवार कृषि विज्ञान केंद्र, उझा (पानीपत) में पहुँचकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फार्म केंद्र के कार्यालय में उपलब्ध है जिसे भर कर और साथ में जाति प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, फोटो, दसवीं उत्तीर्णता प्रमाण-पत्र, बैंक खाता नंबर के लिए बैंक पासबुक की कॉपी, अन्य किसी विशेष प्रमाण-पत्र इत्यादि के दस्तावेजों की प्रति साथ लगाना अति आवश्यक है। यह केंद्र पानीपत में **सिवाह-छाजपुर रोड पर ग्राम उझा** में स्थित है। यह प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क है और प्रशिक्षण में पूरी अवधि में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय की तरफ से प्रमाण-पत्र और स्कीम के तहत सहायता सामग्री देने का भी प्रावधान है। प्रशिक्षण का समय सुबह 9 बजे से शाम 4.30 बजे तक रहेगा। प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु उम्मीदवार को यह सुनिश्चित/प्रमाणित करना होगा कि उम्मीदवार या उसके परिवार के किसी भी अन्य सदस्य ने इससे पहले कभी भी चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के किसी भी संबन्धित संस्थान या कृषि विज्ञान केंद्र से कोई सहायता प्रदत स्कीम के तहत कोई प्रशिक्षण नहीं लिया।

नोट : प्रशिक्षण की तिथि 15 दिसंबर 2026 के बाद तय की जाएगी और विश्वविद्यालय की चयन कमेटी द्वारा चयनित उम्मीदवारों को दूरभाष के माध्यम से सूचित करके बुलाया जाएगा।

23/11/2026
समन्वयक
कृषि विज्ञान केंद्र, उझा (पानीपत)

CC:

1. विस्तार शिक्षा निदेशक, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार
2. मीडिया एडवाइजर, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार
3. जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी (DPRO), पानीपत
4. कंप्यूटर अनुभाग, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,

कृषि विज्ञान केन्द्र, पानीपत

अनुसूचित जाति –अनुसूचित जन जाति के लिए किसानों की आजिविका उत्थान हेतु प्रशिक्षण



प्रशिक्षण का नाम :.....

1. नाम :.....
2. पिता/पति का नाम :.....
3. गांव व जिला :.....
4. मोबाइल नम्बर :.....
5. जाति व उम्र :.....
6. शिक्षा :.....
7. आधार नम्बर :.....
8. बैंक का नाम :.....
9. अकाउंट नंबर :.....
10. **IFSC कोड** :.....

प्रमाणित किया जाता है:–

1. कि मैं अनुसूचित जाति से सम्बंध रखता/ रखती हूँ और मैने और मेरे परिवार के किसी भी सदस्य ने कृषि विज्ञान केन्द्र, पानीपत द्वारा **"अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति के किसानों की आजिविका उत्थान हेतु "** कार्यक्रम के तहत आयोजित किसी भी प्रशिक्षण में भाग नहीं लिया है और न ही इसके तहत कोई अन्य लाभ प्राप्त किया है।
2. कि यह शपथ पत्र मैं अपनी मर्जी से दे रहा/ रही हूँ तथा सारी जानकारी सत्य है।
3. कि अगर मै दोषी पाया जाता/ जाती हूँ तो कृषि विज्ञान केन्द्र, पानीपत मेरे खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के लिए स्वतन्त्र होगा।
4. कि मैं प्रशिक्षण उपरान्त मिलने वाले सामान को केवल स्वरोजगार के लिए प्रयोग करुगां/करुगीं।

प्रार्थी के हस्ताक्षर

मै तसदीक करता हूँ कि प्रार्थी द्वारा दी जानकारी सही हैं।

सरपंच

नोट:–आधार कार्ड, "अनुसूचित जाति अनुसूचित जन जाति का प्रमाण पत्र व बैंक पास बुक की फोटोकॉपी आवेदन के साथ संलग्न करें।

शपथ पत्र

मैं.....**पुत्र / पुत्री / पत्नी** श्री.....

गावं.....का स्थाई निवासी हूँ। मै तसदीक करता हूँ :–

1. कि मैं अनुसूचित जाति से सम्बंध रखता / रखती हूँ।
2. कि मैने और मेरे परिवार के किसी भी सदस्य ने कृषि विज्ञान केन्द्र, पानीपत द्वारा **"अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति के किसानों की आजिविका उत्थान हेतु "** कार्यक्रम के तहत आयोजित किसी प्रशिक्षण में भाग नहीं लिया है और न ही इसके तहत कोई अन्य लाभ प्राप्त किया है।
3. कि यह शपथ पत्र मैं अपनी मर्जी से दे रहा / रही हूँ तथा सारी जानकारी सत्य है।
4. कि अगर मै दोषी पाया जाता / जाती हूँ तो कृषि विज्ञान केन्द्र, पानीपत मेरे खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के लिए स्वतन्त्र होगा।
5. कि मैं प्रशिक्षण उपरान्त मिलने वाले सामान को केवल स्वरोजगार के लिए प्रयोग करुगां / करुगीं।

प्रार्थी के हस्ताक्षर

मै तसदीक करता हूँ कि प्रार्थी द्वारा दी जानकारी सही हैं।

सरपंच